>

Title: Need to open Navodaya Vidyalaya in Balaghat and Siwni district in Madhya Pradesh.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): सभापति महोदय, मध्य प्रदेश राज्य के अंतर्गत जिला बालाघाट और जिला सिवनी में दो नवोदय विद्यालय खोले जाने की मांग जनता द्वारा कई वर्षों से की जा रही है। बालाघाट जिला और सिवनी जिला नक्सल प्रभावित जिले हैं तथा दोनों जिले अति पिछड़े जिले हैं। शिक्षा के मामले में भी दोनों जिले अति पिछड़े जिले हैं। बालाघाट जिले में तिरोड़ी और लांजी तथा सिवनी जिले में कुरई और लखना जोन में नवोदय विद्यालय खुलवाया जाना जनहित में अति आवश्यक है। नवोदय विद्यालय नहीं खोले जाने के कारण लांजी की जनता को और गरीब परिवार के मेधावी छात्रों को काफी कठिनाई हो रही है। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जनहित में मध्य प्रदेश में बालाघाट जिले में तिरोड़ी और लांजी तथा सिवनी जिले में कुरई और लखनादोन में नवोदय विद्यालय खुलवाए जाएं।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के मानव संसाधन मंत्री जी से निवेदन है कि नक्सल प्रभावित तथा अति पिछड़े जिलों का वास्तव में अगर विकास करना है तो इन दोनों आदिवासी जिलों में जवाहर नवोदय विद्यालय आगामी सत्र में खोले जाएं। धन्यवाद।